पंजाब केसरी 16/11/2025




स्लम क्षेत्रों में लिंग संवेदनशीलता विषय पर जनजागरूकता को बढ़ावा देतीं जी.एम.एन. कॉलेज की छात्राएं। (चंद्रमोहन)

# जी.एम.एन. कॉलेज की छात्राओं ने स्लम क्षेत्रों में चलाया जागरूकता अभियान

अम्बाला, 15 नवम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ की छात्राओं ने स्लम क्षेत्रों में लिंग संवेदनशीलता विषय पर जनजागरूकता बढ़ाने के लिए आऊटरीच गतिविधि का आयोजन किया। यह कार्यक्रम समाज के हाशिए पर रहने वाले समुदायों में लैंगिक समानता और सम्मान के प्रति समझ विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

इस अभियान के तहत कॉलेज की उत्साही छात्राओं ने स्लम क्षेत्रों का भ्रमण किया, जहां उन्होंने पोस्टर, स्लोगन और संवाद के माध्यम से लोगों को लिंग संवेदनशीलता के महत्व से अवगत कराया। इन छात्राओं ने स्थानीय समुदाय के साथ सीधे बातचीत करते हुए उनके विचारों को समझा और उन्हें रोजमर्रा के जीवन में लैंगिक संवेदनशीलता अपनाने हेतु प्रेरित किया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण सीखने का अनुभव रही। उन्हें समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़ने और उनके बीच जागरूकता फैलाने का अवसर मिला, जिससे उनकी सामाजिक जिम्मेदारी की भावना और भी मजबूत हुई।

महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. नेहा अग्रवाल ने कार्यक्रम की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य स्लम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को लिंग संवेदनशीलता के प्रति जागरूक करना और समाज में सकारात्मक बदलाव की नींव रखना है। उन्हें विश्वास है कि यह पहल एक सार्थक दिशा में उठाया गया सशक्त कदम साबित होगी। कार्यक्रम में कॉलेज के संकाय डॉ. सरोज और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।